BSES

ई–वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाएंगे बीआरपीएल और ईईएसएल

- सोलर वॉटर पंप व स्मार्ट मीटर भी विकसित करेंगे

नई दिल्लीः 9 अप्रैल, 2018। राजधानी दिल्ली में बैटरी से चलने वाले ई–वाहनों की चार्जिंग की समस्या को देखते हुए, बीआरपीएल और ईईएसएल ने एक समझौता किया है। इसके तहत, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के इलाकों में बैटरी–चालित वाहनों के लिए नए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इन चार्जिंग स्टेशनों पर ई–रिक्शा तथा बैटरी से चलने वाली कारों व वाहनों को चार्ज किया जा सकेगा। इस पहल से, ई–वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पर्यावरण प्रदूषण में कमी आएगी।

बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड की इस साझा पहल के तहत, सौर ऊर्जा से चलने वाले वॉटर पंप भी विकसित किए जाएंगे। ये पंप, ग्रिड की बिजली इस्तेमाल किए बगैर ही पानी को खींचने और उसे स्टोर करने में सक्षम होंगे, जिससे उपभोक्ता के बिजली बिल में कमी आएगी। उल्लेखनीय है कि इस समझौते के तहत, बिजली की भारी खपत करने वाले दिल्ली के 10,000 कृषि पंपों को बदलकर उनकी जगह सोलर पंप लगाए जाएंगे। इससे अगले तीन सालों में 120 मिलियन यूनिट बिजली की बचत होगी।

इसके अलावा, बीआरपीएल और ईईएसएल मिलकर स्मार्ट मीटर्स विकसित करने पर भी काम करेंगी। बिजली को स्टोर करने के स्मार्ट विकल्पों को विकसित किया जाएगा और रूफटॉप सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी काम होगा।

इस पहल से ऊर्जा संरक्षण तथा अक्षय ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा। सोलर पंप व रूफऑप सौर ऊर्जा के इस्तेमाल से जहां एक ओर उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी आएगी, वहीं दूसरी ओर इससे बीआरपीएल इलाके में बिजली की पीक डिमांड में भी कमी आएगी। बीआरपीएल को डीईआरसी द्वारा निर्धारित आरपीओ यानी रिन्युएबल पावर ऑब्लिगेशन के लक्ष्यों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी।

इस सिलसिले में, बीआरपीएल और ईईएसएल के बीच एक एमओयू यानी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किया गया, जिस पर बीआरपीएल की ओर से सीईओ श्री अमल सिन्हा और ईईएसएल की ओर से एमडी श्री सौरभ कुमार ने दस्तखत किए। पहले चरण में एमओयू की अवधि तीन साल की होगी। एमओयू साइनिंग के अवसर पर डीएफआईडी इंडिया के प्रमुख व मिनिसिटर काउंसिलर डेवलपमेंट श्री गविन मैकगिलिवरे और बीएसईएस व ईईएसएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

इस समझौते के बारे में बीआरपीएल के सीईओ श्री अमल सिन्हा ने बतायाः एनर्जी एफिशिएंसी और ग्रीन व स्मार्ट टेक्नोलॉजी के के लिए बीआरपीएल प्रतिबद्ध है, जिनसे बीआरपीएल और उसके उपभोक्ता, दोनों के हित जुड़े हैं। इस समझौते ने अपने–अपने क्षेत्रों के दो नेतृत्वकर्ता संस्थनों को एक मंच पर ला खड़ा किया है, जिससे उपभोक्ताओं को बड़े पैमाने पर लाभ होगा। इस समझौते से, विभिन्न चुनौतियों का सही तरीके से सामना करने और अवसरों का बेहतर लाभ उठाने में बीआरपीएल को मदद मिलेगी।

ईईएसएल के एमडी श्री सौरभ कुमार ने कहाः एनर्जी एफिशिएंट इंडिया के निर्माण के लिए यह जरूरी है कि राष्ट्र निर्माण में लगी संस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल हो। एनर्जी एफिशिएंसी और भविष्य के लिए तकनीकी समाधान के प्रयासों के तहत बीआरपीएल के साथ साझेदारी पर हमें प्रसन्नता है। इसके तहत, सोलर रूफटॉप, स्मार्ट मीटर, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सोलर कृषि पंप और बिजली को स्टोर करने की बेहतर तकनीक आदि विषयों पर काम किए जाएंगे। एमओयू पर हस्ताक्षर हमारे इस विजन को दर्शाता है कि सभी स्टेकहोल्डर, प्रभावी तकनीकों का इस्तेमाल कर अपनी ऊर्जा संबंधी जरूरतों का

बेहतर प्रबंधन करें। भारत ने अपने एमिशन इंटेंसिटी में 2005 के स्तर से 33–35 प्रतिशत की कमी लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। फ्यूचर–रेडी व स्केलेबल एनर्जी सॉल्यूशंस से इस लक्ष्य की प्राप्ति में तेजी आएगी।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।

....